COMCAST PLANS MAJOR RESTRUCTURING OF CABLE AND BROADBAND BUSINESS

Comcast is preparing significant workforce reductions and operational changes across its cable television, broadband and wireless businesses as it seeks to simplify operations, improve competitiveness and strengthen profitability.

Comcast is undertaking one of the most significant organisational transformations in its history, with plans to reduce jobs across its Connectivity and Platforms business, which includes cable television, domestic broadband and wireless operations. The move is aimed at creating a leaner, more agile organisation as traditional cable and broadband businesses face increasing competitive and financial pressures.

अपने केबल और ब्रॉडबैंड कारोबार में बड़े पुर्नगठन की योजना बना रहा है कॉमकास्ट

कॉमकास्ट अपने केबल टेलीविजन, ब्रॉडबैंड और वायरलेस व्यवसायों में बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की संख्या कम करने और परिचालन संबंधी बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। इसका उद्देश्य कामकाज को सरल बनाना, प्रतिस्पर्धा में सुधार करना और मुनाफे को मजबूत करना।

कॉमकास्ट अपने इतिहास के सबसे बड़े संगठनात्मक बदलावों की दौर में से एक की प्रक्रिया से गुजर रहा है। इसके तहत कंपनी अपने 'कनेक्टिविटी एंड प्लेटफॉर्म्स' कारोबार में नौकरियों की संख्या कम करने की योजना बना रही है, इस कारोबार में केबल टेलीविजन, घरेलू ब्रॉडबैंड और वायरलेस संचालन शामिल है। इस कदम का मकसद कंपनी को अधिक चुस्त और कुशल बनाना है, क्योंकि पारंपरिक केबल और ब्रॉडबैंड कारोबार को आजकल बढ़ते प्रतिस्पर्धात्मक और वित्तीय दबावों का सामना करना पड़ रहा है।



The company expects to record restructuring charges of more than US$1 billion in the fourth quarter of 2026, primarily related to its transformation initiatives. However, Comcast has not disclosed the exact number of jobs to be eliminated or specified a definitive annual cost-saving target. Co-CEO Mike Cavanagh has indicated that the broader transformation could eventually generate billions of dollars in opportunities over time.

The restructuring follows continued subscriber losses in its core connectivity business. Comcast lost 144,000 residential broadband customers in Q3 2026, compared with 91,000 in the corresponding quarter last year. Video customers declined by 274,000 during the quarter, taking its total video subscriber base to approximately 10.4 million.

Revenue from its Connectivity and Platforms business declined 2.7% to US$19.66 billion in Q3, reflecting pressure on broadband and traditional cable television operations.

Intensifying competition from fibre broadband operators and fixed-wireless services offered by telecom companies has added to the challenges. Comcast is also facing growing competition from alternative internet providers, prompting it to strengthen customer retention through revised broadband offers, five-year price guarantees and bundled wireless services.



The company is increasingly looking at automation and artificial intelligence to improve operational efficiency, including greater use of AI-powered customer service agents. The restructuring is expected to simplify management structures, streamline decision-making and redirect resources towards growth opportunities.

The changes also come ahead of Comcast's planned mid-2027 separation of NBCUniversal and Sky, which will create two independently listed businesses. The cable and connectivity operations will remain with Comcast, while NBCUniversal's studios, streaming and theme park businesses will form part of the separated entity.

Comcast's strategy signals a broader shift from traditional cable television towards a connectivity-led business model, with operational efficiency, broadband competitiveness, wireless bundling and automation becoming central to its future growth plans.■

कंपनी को **2026** की चौथी तिमाही में पुनर्गठन से जुड़े **1** बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक खर्च होने की उम्मीद है, जो मुख्य रूप से इसके बदलाव के प्रयासों से संबंधित है। हालांकि, कॉमकास्ट ने यह नहीं बताया कि कितनी नौकरी खत्म की जायेंगी और सालाना कितनी लागत बचायी जायेगी, इसका कोई निश्चित लक्ष्य तय किया है। सह-सीईओ माइक कैवनघ ने संकेत दिया है कि इस व्यापक बदलाव से भविष्य में अरबों डॉलर के नये अवसर पैदा हो सकते हैं।

यह पुनर्गठन कंपनी की मुख्य कनेक्टिविटी व्यवसाय में लगातार ग्राहकों की घटती संख्या के बाद किया जा रहा है। क्यू**3 2026** में कॉमकास्ट ने **144,000** आवासीय ब्रॉडबैंड ग्राहक खो दिये, जबकि पिछली साल इसी तिमाही में यह संख्या **91,000** थी। इस तिमाही के दौरान वीडियो ग्राहकों की संख्या में **274,000** की कमी आयी, जिससे कुल वीडियो ग्राहकों की संख्या लगभग **10.4** मिलियन रह गयी।

क्यू**3** में कंपनी के 'कनेक्टिविटी और प्लेटफॉर्म्स' बिजनेस से होने वाले राजस्व **2.7%** घटकर **19.66** बिलियन डॉलर रह गया, जो ब्रॉडबैंड और पारंपरिक केबल टेलीविजन संचालन पर दबाव को दर्शाता है।

फायबर ब्रॉडबैंड ऑपरेटरों और टेलीकॉम कंपनियों द्वारा दी जाने वाली फिक्स्ड-वायरलेस सेवाओं से बढ़ती प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते, कंपनी अपने ग्राहकों को बनाये रखने के लिए ब्रॉडबैंड ऑफर में बदलाव कर रही है, पांच साल के कीमत की गारंटी दे रही है और वायरलेस सेवाओं को बंडल करके पेश कर रही है।

कंपनी अपनी कार्यक्षमता को बेहतर बनाने के लिए ऑटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर ध्यान दे रही है, जिसमें एआई आधारित कस्टमर सर्विस एजेंटों का अधिक उपयोग शामिल है। इस पुनर्गठन से प्रबंधन ढ़ांचे के सरल होने, निर्णय लेने की प्रक्रिया के सुव्यवस्थित होने और संसाधनों को विकास के अवसरों की ओर मोड़ने की उम्मीद है।

गौरतलब ही कि यह बदलाव **2027** के माध्य में कॉमकास्ट द्वारा एनबीसी यूनिवर्सल और स्काई को अलग करने की योजना से पहले आये हैं, जिससे दो स्वतंत्र रूप से लिस्टेड कंपनियां बनेगी। केबल और कनेक्टिविटी का कामकाज कॉमकास्ट के पास ही रहेगा, जबकि एनबीसी यूनिवर्सल के स्टूडियो, स्ट्रीमिंग और थीम पार्क के कारोबार अलग होने वाली नयी कंपनी का हिस्सा बनेंगे।

कॉमकास्ट की रणनीति पारंपरिक केबल टेलीविजन से कनेक्टिविटी-लेड बिजनेस मॉडल की ओर एक बड़े बदलाव का संकेत देती है, जिसमें संचालन एफिशिएंसी, ब्रॉडबैंड प्रतिस्पर्धा, वायरलेस बंडलिंग और ऑटोमेशन इसके भविष्य के विकास योजनाके लिए केंद्र होगा।■